# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
## शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
ACCREDITED BY NAAC "B" Dt. 17/05/2022

Ph.No. : 07162-236477
Ph.No. : 07162-351002
Mob. No 9425477966

E-Mail : hegpgchi@mp.gov.in
Website :- www.mpcollege.nic.in/gapgcchhindwara/index.htm

पत्र क्रमांक 2440 2439 / अ.प्र. / 2024 छिंदवाड़ा दिनांक 25 / 09 / 2024

प्रति,

आयुक्त,
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश, सतपुड़ा भवन पांचवी मंजिल
भोपाल (म.प्र.)।

विषय :– दिव्यांगजनों के रिक्त पदों पर वॉक–इन–इंटरव्यू (विशेष भर्ती) के पूर्ति किये जाने हेतु विज्ञापन को विभागीय वेबसाईट में अपलोड किये जाने के संबंध में।

संदर्भ :– 1 आयुक्त, उच्च शिक्षा म.प्र.शासन सतपुड़ा भवन भोपाल के पत्र क्रमांक 1163 / 160 / न्या. / आउशि / शा–3 / 2024 भोपाल दिनांक 20 / 08 / 2024
2 इस कार्यालय का पत्र 2187 / अ.प्र. / 2024 छिन्दवाड़ा क्रमांक 03 / 09 / 2024
3 इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 2233 छिन्दवाड़ा दिनांक 06 / 09 / 2024

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र क्रमांक 1 में दिये गये निर्देशों के परिपालन में विशेष भर्ती अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञप्ति क्रमांक 05 को अपलोड किये जाने हेतु संदर्भित पत्र क्रमांक 2 के अनुसार संचालक (विज्ञापन शाखा) जनसंपर्क संचालनालय भोपाल एवं संदर्भित पत्र क्रमांक 03 के द्वारा आयुक्त, उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल तथा अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा जबलपुर को विभागीय वेबसाईट में प्रदर्शित कराने हेतु जानकारी प्रेषित की गई थी किन्तु उक्त विज्ञप्ति किसी समाचार पत्र एवं विभागीय वेबसाईट में प्रकाशित नहीं हुआ है।

अतएव जनहित में उक्त पदों की आपूर्ति हेतु समाचार पत्रों में विज्ञापन किया जाना उचित प्रतीत होता है। कृपया पुनः संशोधित विज्ञापन को विभागीय वेबसाईट में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

संलग्न :– 1 संदर्भित पत्र
2 विज्ञापन क्रमांक 05
3 आवश्यक नियम एवं निर्देश
4 आवेदन फार्म का प्रारूप

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
छिंदवाड़ा, दिनांक 25 / 09 / 2024

पृ.क्र. 2440 / अ.प्र. / 2024

प्रतिलिपि–

1. कलेक्टर जिला छिन्दवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा जबलपुर संभाग जबलपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर जिला छिन्दवाड़ा की ओर समस्त समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।
4. स्थापना शाखा, प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, शास. स्वशासी स्नातको. महावि. छिन्दवाड़ा।

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
## शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

ACCREDITED BY NAAC "B" Dt. 17/05/2022

Ph.No. : 07162-236477
Ph.No. : 07162-351002
Mob. No 9425477966

E-Mail : hegpgchi@mp.gov.in
Website :- www.mpcollege.nic.in/gapgcchhindwara/index.htm


पत्र कमांक / 2441 / वि.भ.अभि. / दिव्यां / स्था. / 2024 छिंदवाड़ा दिनांक 25.09.2024

## / / संशोधित विज्ञापन क.05 / /

## विशेष भर्ती अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र.शासन,सतपुड़ा भवन,भोपाल के पत्र कमांक 1163 / 160 / न्या. / आउशि / शा–3 / 2024 भोपाल, दिनांक 20.08.2024 एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग के प्रावधान अनुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के पद की पूर्ति वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से इस कार्यालय कार्यालय का पत्र कमांक 2224 / वि.भ.अ.भि. / दिव्यां / 2024 छिन्दवाड़ा दिनांक 05 / 09 / 2024 में जारी विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। पुनः संशोधित विज्ञापन निम्न पद हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखते हुऐ नीचे दर्शाए हुए निहित प्रारूप विज्ञापन जारी होने की तिथि से दिनांक 04 / 10 / 2024 तक कार्यालयीन समय 05:30 बजे (अवकाश दिवस को छोड़कर) तक, प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा (म.प्र.) के नाम से संबोधित कर प्रेषित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा न ही इस संबंध में कोई पत्राचार किया जायेगा। डॉक द्वारा विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदनकों के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। रिक्त पद पर वॉक–इन–इंटरव्यू की तिथि 15 / 10 / 2024 को समय प्रातः 11:00 बजे रहेगा।

**रिक्त पद का विवरण, वेतनमान निर्धारित योग्यता की जानकारी निम्नानुसार हैः–**

| दिव्यांगजन के लिए आरक्षित रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क. 1 | पदनाम / वेतनमान | पद श्रेणी | शैक्षणिक योग्यता | दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित रिक्त पदों की संख्या | | | |
| | | | | "लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है ,सेरेब्रल पाल्सी,कुष्ठ रोगमुक्त बौनापन,एसिड अटैक,मस्कुलर डिस्ट्राफी (LD)" | "बहरे और कम सुनने वाले (EH)" | "दृष्टि बाधित एवं कम दृष्टि (VH)" | "ऑटिज्य, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंगडिसेबिलिटी, मानसिक बिमारी और बहुविकलांगता (MD)" |
| 1 | प्रयोगशाला परिचारक | चतुर्थ श्रेणी | दसवी कक्षा उत्तीर्ण | 0 | 0 | 01 | 0 |
| 2 | चतुर्थ श्रेणी भृत्य | चतुर्थ श्रेणी | आठवी कक्षा उत्तीर्ण | 0 | 01 | 01 | 0 |

नोटः– उक्त विज्ञापन के आवश्यक नियम एवं निर्देश तथा आवेदन का प्रारूप महाविद्यालय की वेबसाइट http://pgcollegechhindwara.edu.in पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध है। कान्टेक्ट डिटेल hegpgchi@mp.gov.in तथा महाविद्यालय सूचना पटल एवं कार्यालय में अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगा। पूर्व विज्ञापन के अनुसार प्राप्त आवेदनों को सम्मिलित किया जायेगा उन्हें आवेदन करने की आवयकता नहीं है।

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

प्राचार्य
शास. स्वशासी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

आवश्यक नियम एवं निर्देश :-

1. आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष निर्धारित है ।
4. आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
5. विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते है।
6. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां दिखाना अनिवार्य है।
7. संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा, ऐसे दिव्यांग जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है वे अपात्र मान्य किये जावेंगे तथा साथ ही यू.डी.आई.डी. से जारी दिव्यांगता डिजिटल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
8. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
9. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उससे पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
10. साक्षात्कार से पूर्व संबंधित पद की समस्त अर्हता/योग्यता आवेदक के पास होना आवश्यक है।
11. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार आयुक्त, उच्च शिक्षा भोपाल के पास सुरक्षित होगें।
12. सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक दिनांक 17/07/2014 के अनुसार नि:शक्तजनों की नियुक्ति के पश्चात् एवं उनके कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व जिला मेडिकल बोर्ड से नि:शक्तता प्रमाण पत्र का परिक्षण कराया जाये ।
13. सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन दिनांक 13.10.2015 के अनुसार मूक बधिर श्रेणी के नि:शक्तजनों की शासकीय भर्ती से पूर्व मेडिकल बोर्ड में बैरा टेस्ट (Bera Test) कराना अनिवार्य है।
14. मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के पत्र दिनांक 31.05.2024 की कंडिका 2.4 के अनुसार दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित रिक्त पदों की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाये, यह स्पष्ट किया गया है कि वॉक-इन-इंटरव्यू से आशय साक्षात्कार के लिए पृथक से अंक दिये जाने की आवश्यकता नहीं है । उच्च शिक्षा विभाग के रिक्त पदों के लिए नियमों में उल्लेखित आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता के आधार पर मैरिट सूची बनायी जाकर पद पूर्ति की जायें।
15. इस विशेष भर्ती अभियान में सामान्य प्रशासन विभाग एवं मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के समय-समय पर जारी नियम एवं निर्देश लागू किये जावेंगे।

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

परिशिष्ट–02

## आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

प्राचार्य,

.........................................................................

.........................................................................

| नवीन कलर पासपोर्ट फोटो |
|---|

1. आवेदित पद का नाम ..........................................................
2. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम ..........................................................
3. आवेदक/आवेदिका के पिता/पति का नाम ..........................................................
4. जन्मतिथि (10+12 प्रमाण पत्र के आधार पर) : वर्ष ............... माह ............... दिन ...............
5. वर्ग(OBC/ SC/ ST/ EWS/ UR) ..........................................................
6. यदि आवेदक विवाहित हो तो विवाह के प्रमाण पत्र के अनुसार विवाह दिनांक ...................
7. जीवित बच्चों का विवरण ..........................................................
8. स्थाई पता ..........................................................
9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं रोजगार कार्यालय का नाम...................

..........................................................................................

10. शैक्षणिक योग्य.ता( कम्प्यूटर डिप्लोमा एवं सी.पी.सी.टी. स्कोर कार्ड की जानकारी सहित)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

11. अतिरिक्त विशेष योग्यता/अनुभव यदि हो तो ..........................................................
12. उपरोक्त. विवरण के संबंध में सभी प्रमाण पत्र की छायाप्रति अभिप्रमाणित कर प्रस्तुत करें ।

संलग्नः– प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति ।

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

## //घोषणा पत्र//

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है। वह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरा आवेदन निरस्त माना जावेगा।

स्थानः–

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

एवं पूरा पता ..........................................................

प्राचार्य

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Scanned with OKEN Scanner